# विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र

राँची * अप्रैल-जून - 2025 *माघ शुक्ल - आषाढ़ शुक्ल *युगाब्द- 5127 *विक्रम संवत्- 2082 * वर्ष 5, अंक 17


## संपादकीय



आदरणीय बंधु/भगिनी

सादर नमस्ते!

आतंकवादियों ने पहलगाम, कश्मीर में धर्म पूछ–पूछ कर निर्दोष लोगों की हत्या की जोकि पूरे विश्व के लिए स्तब्धकारी घटना थी। ऑपरेशन सिंदूर पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान के खिलाफ चलाया गया सैन्य अभियान था, जिसमें भारतीय वायुसेना ने चार दिनों के अन्दर ही पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया तथा सौ से अधिक आतंकियों एवं उसके परिवारों का सफाया किया। पाकिस्तान का इस मुद्दे पर पलटवार यह विश्व विरादरी को दिखा गया कि किस कदर वह आतंकियों को पाल–पोष रहा है। ऑरेशन सिंदूर में अपना समूल नाश होता देखकर पाकिस्तान मानवता के नाम पर भारत के सामने गिड़गिड़ाकर तथा भीख माँगकर युद्ध को रूकवाने में सफल रहा। भारतीय सेना ने अपने शौर्य तथा अपनी अद्‌भूत तकनीकि क्षमता का प्रदर्शन किया। हमारे हथियारों ने चीन तथा तुर्की के द्वारा पाकिस्तान को दिए गए हथियार तथा ड्रोन को फुस्स साबित किया। जहाँ हमारे देश में हमारे वैज्ञानिक दुश्मनों के लिए नित नए घातक हथियारों तथा ड्रोनों का निर्माण कर रहे हैं वहीं विद्यालय तथा महाविद्यालयों में हमारे छात्र–छात्रा अपनी कौशल तथा क्षमता बढ़ा रहे हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान आतंकी पैदा कर रहा है तथा अपने देश के आम नागरिकों को बिना सुविधा के भूखे मरने छोड़ दिया है। कंगाल देश किसी का भला नहीं कर सकता। **'लूट लाओ, कूट खाओ'** नीति पर चलता है।

हमें सतर्क रहना होगा, हमारे देश के अंदर भी अनेकों देशद्रोही बैठे हैं जो आतंकियों को मदद पहुँचाते हैं तथा वैद्विक स्तर पर उनको बचाते हैं।

सत्र–24–25 के माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा परिणाम हमारे लिए उत्साहवर्धक रहा। हमारे भैया–बहन जिन्होंने राज्य में किसी भी संकाय में प्रथम दस में अपना नाम अंकित कराया उन्हें, उनके परिवार तथा विद्यालय परिवार को बधाई तथा जितने भी सफल छात्र रहें आगे भी अच्छा करते रहें इसकी शुभकामनाएँ। जो अपेक्षाकृत अच्छा अंक नहीं ला सके आगे अच्छा करेंगे इसका संकल्प लें। विजय अवश्य प्राप्त होगी। खेल–कूद में हमारा प्रांत सदैव अव्वल रहा है। इस वर्ष भी हमने कई नए रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता है। खेल–कूद में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं मंगलकामनाएँ।

**।। भारत माता की जय ।।**

**आपका ही**
**मनोज कुमार**
**विद्या विकास समिति, झारखण्ड**




जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कुदलुम–2025। मंच पर विराजमान हैं झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार, रा. स्वंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक मा. देवव्रत पाहन एवं विद्या भारती के अन्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता।




राधाबहन पोपटभाई गोलकिया कन्या छात्रावास, स.शि.मं. रायडीय, गुमला का लोकार्पण, झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल मा. संतोष गंगवार जी के द्वारा संपन्न हुआ। मंच पर विद्या भारती के अधिकारीगण के साथ हैं मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी ट्रस्ट के अधिकारी एवं कार्यकर्तागण




नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं सेवा स्थायितव प्रशिक्षण वर्ग–2025 के अवसर पर दीक्षा समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, राज्यसभा सांसद, प्रदीप वर्मा, रा. स्वयंसेवक संघ, झारखण्ड प्रांत के प्रांत प्रचारक श्री गोपाल जी शर्मा एवं विद्या भारती के अ.मा. मंत्री ब्रह्माजी राव एवं अन्य पदाधिकारीगण




36वाँ प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता–2025 स.शि.वि.मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच पर विराजमान हैं विद्या भारती, बिहार, विद्या विकास समिति, झारखण्ड तथा विद्यालय के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण।



मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट सुरत, गुजरात द्वारा नवनिर्मित अ.नि. राधाबहन पोपटभाई गोलकिया कन्या छात्रावास, रायडीह, गुमला।

## निरोग रहने का सबसे अच्छा उपाय है योग : ब्रह्माजी राव






**रांची |** विश्व योग दिवस पर विद्या विकास समिति, झारखंड के विशाल सभागार में योग गुरु मनोज भारद्वाज के दिशा निर्देशन में कार्यकर्ताओं के साथ निवासियों ने योगाभ्यास किया। विद्या भारती अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि निरोग रहने का सबसे अच्छा उपाय है कि योग करें।

## रवींद्र कान्हेरे बने विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### विद्या भारती के तीन दिवसीय साधारण सभा बैठक संपन्न

**राजगीर (एसएनबी)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तीन दिवसीय साधारण सभा बैठक राजगीर स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को संपन्न हो गया, जो 11 अप्रैल से चल रहे साधारण सभा बैठक के अंतिम दिन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष का चुनाव विद्या भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन विवेक शेंडे ने किया। प्रोफेसर रवीन्द्र कान्हेरे विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। अगले तीन वर्षो तक वे इस पद पर काम करेंगे।इस मौके पर चुनाव पदाधिकारी प्रोफेसर रंजीत कुमार वर्मा एवं ललित बिहारी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। रवीन्द्र कान्हेरे मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले है अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीन पर उतारने में सरकार के साथ-साथ संस्थाओं को पूरा सहयोग करना रहेगा। राष्ट्रीय




बैठक में मंचासीन नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य।

शिक्षा नीति को लागू करने के लिए समाज के सज्जन शक्ति को जोड़ते हुए हमें जो भी करना होगा करेंगे। विदित हो कि साधारण सभा बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से 271 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. साधारण सभा बैठक के माध्यम से लघु भारत का स्वरूप देखने को मिल रहा था। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही देश की अग्रणी संस्था विद्या भारती बच्चों की पढाई के साथ साथ ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता पर भी जोर देगी।मौके पर राजेंद्र प्रसाद खेतान, जैनपाल जैन, कमल किशोर सिन्हा, क्षेत्रीय सह मंत्री राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, डॉ. ज्वाला प्रसाद, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, रामलाल सिंह, नकुल कुमार शर्मा, भरत पूर्वे, प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में 50 बच्चों को पिलाई गई सुवर्णप्राशन की खुराक



**सिंदरी |** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में शुक्रवार को 50 बच्चों को सुवर्णप्राशन की खुराक दी गई। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, सुमन सिंह, सुनीता कुमारी, अंजली मिश्रा, रूपा, खुशी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्राचार्य ने कहा सुवर्णप्राशन बच्चों के लिए वरदान है। इससे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। यह हर माह पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 12 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाती है। कई रोगों से रक्षा के साथ ही एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने में यह लाभकारी है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर में मातृ सम्मेलन आयोजित

## ऑपरेशन सिंदूर नाटक का मंचन देख माताएं-बहनें हो गईं भावुक

भास्कर न्यूज|भवनाथपुर




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी, विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार सोनी, प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ऋतु दीदी ने किया आगंतुक अतिथियों का परिचय तथा स्वागत सह प्राचार्य रुपलता दीदी ने की। विद्यालय के भैया बहनों ने आदिति पाठक, पूर्णिमा सिंह, अंकित मिश्रा के निर्देशन में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में मातृ भाव प्रेम को दर्शाते हुए भैया बहनों ने नृत्य एकल गीत सामूहिक गीत आदि प्रस्तुत किया। भैया बहनों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एक नाटक किया गया, जिसे देख कर सभी माताएं-बहनें भावुक हो गईं। इस मौके पर मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी ने कहा कि बच्चों के देखभाल के साथ-साथभारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखना तथा अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना हम माताओं का प्रथम धर्म है। प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि निर्माणों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण ना भूलें आप अभिभाविका हमारे विद्यालय के एक मजबूत स्तंभ है आपके सुझावों से विद्यालय के प्रगति में बड़ा योगदान होगा।

अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि पिता अपने पुत्रों के जरूरत को पूरा करने के लिए दिन रात घर से बाहर रखकर कार्य करते हैं घर में मन ही होती है जो बच्चों में संस्कार एवं पढ़ाई के प्रति उनमें रुचि उत्पन्न करती है। कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम के प्रमुख विभा दीदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा शांति मंत्र के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच संचालन दशम की बहन इच्छा गुप्ता ने किया। इस मौके पर आचार्य राम इकबाल शर्मा,अजय कुमार, उज्जवल कुमार, योगेंद्र, चिरंजीवी, मनोज, पीयूष,धीरज, पुनीत,सुनीता, पूनम, पूजा, स्नेहा,,सीमा, रीता, बेबी, रामदेव, विनोद, अशोक, राजीव, मुन्ना, बंधु-भगिनी उपस्थित थें।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में अग्निहोत्र कार्यक्रम सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में शनिवार अग्निहोत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के कक्षा अरुण, उदय और प्रभात (वाटिका) के छात्रों के भैया-बहनों तथा आचार्य और दीदी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि अग्निहोत्र, जो कि प्राचीन सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है, विद्या भारती द्वारा नियमित रूप से संचालित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे छात्रों में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान का विकास हो सके। हवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे घी, कपूर, और अन्य हवन सामग्रियों में औषधीय गुण होते हैं, जो न केवल शरीर के लिए लाभकारी होते हैं, बल्कि आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाते हैं। यह प्रक्रिया वातावरण में हानिकारक बैक्टीरिया का नाश कर प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध करती है। अग्निहोत्र कार्यक्रम का उद्देश्य आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ पंचमहाभूतों की मंगलकामना करना भी है। इसे विज्ञान, धर्म और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक माना जाता है। विद्यालय ने इस पहल को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और उनमें सांस्कृतिक मूल्य एवं नैतिकता को मजबूत करते हैं।

## जाह्नवी शिशु मंदिर मैकलुस्कीगंज में आंबेडकर जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैकलुस्कीगंज में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनायी गयी। इससे पूर्व विद्यालय के सचिव श्री सरजू प्रसाद साहू के द्वारा आंबेडकर की तस्वीर पर मलार्पण की गयी एवं पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने आंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता ने आंबेडकर के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वह एक प्रमुख समाज सुधारक, विधिवेता, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे। वे भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने न केवल अपने मुवक्किल की वकालत की बल्कि समानता ,स्वतंत्रता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की भी वकालत की। उन्होंने भैया बहनों को उनके मार्गों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य दीदी जी संजय प्रसाद, ममता गुप्ता ,सरिता गुप्ता, विजय कुमार ,पिंकी कुमारी ,सुशीला कुजूर नगीना देवी और भैया सूरज ठाकुर उपस्थित थे।

## शिक्षा नीति 2020 और पंचकोषीय विकास पर हुई चर्चा




**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** प्रखंड के कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में पाँच दिवसीय राष्ट्रीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया गया। द्वितीय दिवस के सभी पाँच सत्र में अवनीश भटनागर (अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, विद्या भारती) द्वारा संचालित की गई। इन सत्रों में उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020, पंचकोशात्मक विकास की अवधारणा एवं पंचपदी शिक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा की जिम्मेदारी बड़ी है, सिखाने के साथ सीखना भी जरूरी है। शिक्षा की नीति अगर कक्षा-कक्ष तक नहीं पहुँचती है तो उसकी उपयोगिता नहीं रह जाती है। शिक्षा का उद्देश्य बालक का सर्वांगीण एवं समग्र विकास।

## 'भारतीय ज्ञान परंपरा पर तैयार हो रहा पाठ्यक्रम'



कुदलुम मे विद्या भारती के आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला को सबोधित करते अतिथि • जागरण

**जागरण संवाददाता, रांची :** विद्या भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र ने कहा कि यूजीसी के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित 28 पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान देश के अन्य संस्थानों के साथ मिलकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर कार्य कर रहा है। आने वाले समय में बदलाव दिखेगा। कई संस्थानों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करना प्रारंभ कर दिया है। वे विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुदलुम में सोमवार को प्रारंभ प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने प्रशिक्षण वर्ग पर जोर दिया। कहा कि यह ज्ञान, संवर्द्धन एवं नवीन ज्ञान प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में अब तक जितने भी सुधार कार्य हुए हैं उसमें सबसे बड़ा सुधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। वहीं प्रो. रणजीत कुमार वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष, विद्या भारती, उत्तर-पूर्व क्षेत्र ने कहा कि गोष्ठी का उद्देश्य विचारों का आदान-प्रदान है। पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर ज्ञान का सृजन एवं प्रसार करना है। इस अवसर पर आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के प्राचार्य डा. रामकेश पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ग का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में भारतीय जीवन मूल्यों के संवर्द्धन एवं शिक्षण प्रशिक्षण की नवीन दृष्टियों का प्रतिपादन, पंचपदी शिक्षण पद्धति पर आधारित पाठ्ययोजना का प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन, तैत्तिरीय उपनिषद में वर्णित पंचकोषात्मक विकास की अवधारणाओं का प्रशिक्षण, प्रशिक्षण संस्थानों के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों जैसे एनसीटीई-आईटीईपी, नैक के बारे में विशिष्ट व्याख्यानों द्वारा प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला में आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, रांची, पूरनमल बाजोरिया टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, भागलपुर एवं भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्राचार्य एवं सभी असिस्टेंट प्रोफेसर सम्मिलित हो रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया ने किया। मंच संचालन डा. राजेश कुमार वर्मा, प्राचार्य, पूरनमल बाजोरिया टीचर ट्रेनिंग कालेज, भागलपुर ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय सह मंत्री ब्रह्माजी राव, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, अखिलेश कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## सत्र 2024–25, राज्य में स्थान प्राप्त करने वाले भैया–बहनों की सूची कक्षा–दशम, (झारखंड बोर्ड)

| क्रम | भैया–बहन का नाम | विद्यालय का नाम | राज्य में स्थान | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमर कुमार | स.शि.वि.मं., मधुगोड़ा, धनबाद | द्वितीय | 491 | 98.20 |
| 2 | न्यूटन कुमार मंडल | स.शि.वि.मं., फतेहपुर | सातवाँ | 485 | 97.00 |
| 3 | साक्षी यादव | स.शि.वि.मं., भवनाथपुर बाजार | सातवाँ | 485 | 97.00 |
| 4 | सलेहा अंजुम | स.शि.वि.मं., मुसाबनी | आठवाँ | 484 | 96.80 |
| 5 | आशुतोष कुमार चौबे | स.शि.वि.मं., श्रीवंशीधर नगर | आठवाँ | 484 | 96.80 |
| 6 | अभिजीत दत्ता | प.जै. स.शि.वि.मं., चाईबासा | नवम | 483 | 96.60 |
| 7 | सोनाली कुमारी | सिद्धू–कान्हू स.वि.मं., ललमटिया | नवम | 483 | 96.60 |
| 8 | सुमित कुमार | स.शि.वि.मं., श्रीवंशीधर नगर | दसवाँ | 482 | 96.40 |
| **कक्षा–द्वादश (विज्ञान)** | | | | | |
| 1 | आँचल अग्रवाल | राजकमल स.वि.मं., धनबाद | आठवाँ | 484 | 96.80 |
| 2 | कृति कुमार | राजकमल स.वि.मं., धनबाद | आठवाँ | 484 | 96.80 |
| **कक्षा–द्वादश (वाणिज्य)** | | | | | |
| 1. | चारू अग्रवाल | राजकमल स.वि.मं., धनबाद | पाँचवाँ | 489 | 97.80 |
| 2. | समृद्धि गुप्ता | स.शि.मं., कतरास, धनबाद | षष्ठ | 487 | 97.40 |
| 3. | शीतल अग्रवाल | राजकमल स.वि.मं., धनबाद | सातवाँ | 484 | 96.80 |
| **कक्षा–द्वादश (कला)** | | | | | |
| 1. | अंशिका कंठ | राजकमल स.वि.मं., धनबाद | सातवाँ | 481 | 96.20 |




**दो दिवसीय विद्वत परिषद गोष्ठी संपन्न, कई विद्वानों ने बैठ कर की चर्चा।**

नगड़ी स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्या भारती के विद्वत परिषद के अंतर्गत होने वाले इस सेमिनार में विभिन्न क्षेत्रों के कई विद्वान उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ टी एन साहू (वीसी, JSOU) उपस्थित थे। साथ ही विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, प्रदेश मंत्री बृजेश कुमार, क्षेत्र संयोजक चरित्र निर्माण एवं व्यक्तिगत विकास अमरकांत झा, विद्या विकास समिति के अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया,परीक्षा विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय के सचिव डॉक्टर डीएन सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे। मुख्य अतिथि टी एन साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है और सशक्त समाज से सशक्त राष्ट्र का सपना साकार होगा। ब्रह्मा जी राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का प्रयाय सिर्फ अपना विकास नहीं बल्कि पूरे वसुधा का विकास होना चाहिए, वहीं डॉ सुनीता ने कहा कि ज्ञान को थोपने की नहीं उभारने की जरूरत है जो बच्चों में ही कहीं छिपी हुई है, हम सब को गुरु शिष्य परंपरा को फिर से जागृत करने की आवश्यकता है। इसके साथ कई विद्वानों ने पीपीटी के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुतकर्ताओं में विद्या विकास समिति सह मंत्री डॉ पूजा, धनंजय तिवारी, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ सुनीता गुप्ता, डीएसई बादल राज, डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ ओम प्रकाश, पार्थ सारथी दास, डॉ बासुदेव प्रसाद आदि शामिल थे।


संरक्षक: रामअवतार नारसरिया, ख्यालीराम जी, डॉ. ब्रजेश कुमार, नकुल कुमार शर्मा । परामर्शी : अखिलेश कुमार।
संपादक : मनोज कुमार। प्रकाशक : विद्या विकास समिति, झारखंड, शुक्ला कॉलोनी, हिनू, राँची-834002
: 0651-3512271, 2251008 : vvs.jharkhand@yahoo.com, vvspv.jharkhand@yahoo.com : vvsjharkhand.org.in
आंतरिक प्रसारण हेतु